# Part – A

## GENERAL STUDIES

**1.** In which one of the following countries the 'Cotton Belt' is located ?

(a) Brazil (b) United States of America

(c) Australia (d) Russia

**2.** Which one of the following planets is nearest to the Sun ?

(a) Venus (b) Earth

(c) Mercury (d) Mars

**3.** The highest amount of salinity is found in

(a) Red Sea (b) Dead Sea

(c) Caspian Sea (d) Aral Sea

**4.** Who among the following evolved the concept of relationship between mass and energy ?

(a) Einstein (b) Planck

(c) Dalton (d) Rutherford

**5.** The water in which hydrogen atoms have been replaced by deuterium atoms is called

(a) Warm water (b) Cold water

(c) Heavy water (d) Volatile water

**6.** Who is regarded as the Father of Plant Physiology ?

(a) Stephen Hales (b) Joseph Priestley

(c) S. Mayer (d) Wood Ward

**7.** Neutron was discovered by

(a) Chadwick (b) Rutherford

(c) Bohr (d) Newton

**8.** Tritium has an atomic number of

(a) 3 (b) 2

(c) 1 (d) 4

## भाग-A
## सामान्य अध्ययन

**1.** निम्नलिखित देशों में से किस एक में 'कपास पेटी' अवस्थित है ?

(a) ब्राजील (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) रूस

**2.** निम्नलिखित ग्रहों में कौन सा सूर्य के सबसे समीप है ?

(a) शुक्र (b) पृथ्वी
(c) बुध (d) मंगल

**3.** सर्वाधिक लवणता की मात्रा पायी जाती है

(a) लाल सागर में (b) मृत सागर में
(c) कैस्पियन सागर में (d) अरल सागर में

**4.** द्रव्यमान तथा ऊर्जा के मध्य सम्बन्ध की धारणा का विकास निम्न में से किसने किया था ?

(a) आइंस्टाइन (b) प्लेंक
(c) डाल्टन (d) रदरफोर्ड

**5.** वह जल जिसमें हाइड्रोजन परमाणुओं का प्रतिस्थापन ड्यूटीरियम परमाणुओं से किया गया है, कहलाता है

(a) गर्म जल (b) ठण्डा जल
(c) भारी जल (d) उड़नशील जल

**6.** पादप शरीर-क्रिया विज्ञान का जनक किसे माना जाता है ?

(a) स्टीफेन हेल्स (b) जोसेफ प्रीस्टले
(c) एस. मेयर (d) वुड वर्ड

**7.** न्यूट्रॉन की खोज की थी

(a) चैडविक ने (b) रदरफोर्ड ने
(c) बोर ने (d) न्यूटन ने

**8.** ट्रिटियम में परमाणु संख्या होती है

(a) 3 (b) 2
(c) 1 (d) 4

**9.** What is the name of the layer of earth's atmosphere which is associated with weather phenomenon like the rainfall ?

(a) Stratosphere (b) Troposphere

(c) Mesosphere (d) Ionosphere

**10.** Mark the wrong combination :

(a) James Watt : Steam Engine

(b) A.G. Bell : Telephone

(c) J.L. Baird : Television

(d) J. Perkins : Penicillin

**11.** Xerophthalamia is the disease caused by deficiency of the following :

(a) Vitamin - A (b) Vitamin - B

(c) Vitamin - C (d) Vitamin - K

**12.** Who among the following described protoplasm as the physical basis of life ?

(a) T.H. Huxley (b) Leeuwenhoak

(c) Rudolf Virchow (d) J.C. Bose

**13.** Cotton dust from textile mills causes a disease known as

(a) Silicosis (b) Byssinosis

(c) Cancer (d) Flurosis

**14.** Of what kind of rock is granite an example ?

(a) Sedimentary rock (b) Igneous rock

(c) Metamorphic rock (d) Pyrolite

**15.** Which of the following gases is regarded as atmospheric pollutant ?

(a) $O_2$ (b) $O_3$

(c) $SO_2$ (d) $N_2$

**16.** The infection which causes malaria is

(a) Bacterial (b) Viral

(c) Parasitic (d) Fungal

9. पृथ्वी के वायुमण्डल की उस परत का नाम क्या है जिसका संबन्ध वर्षा जैसी मौसम की घटना से है ?

(a) स्ट्रेटोस्फीयर (b) ट्रोपोस्फीयर
(c) मीज़ोस्फीयर (d) आयनोस्फीयर

10. त्रुटिपूर्ण संयोजन को अंकित कीजिए :

(a) जेम्स वाट : भाप का इंजन
(b) ए.जी. बेल : टेलीफोन
(c) जे.एल. बेएर्ड : टेलीविजन
(d) जे. परकिन्स : पैनिसिलिन

11. जीरोफ्थैलमिया रोग निम्नलिखित की अपर्याप्तता के कारण होता है :

(a) विटामिन-ए (b) विटामिन-बी
(c) विटामिन-सी (d) विटामिन-के

12. निम्न में से किसने प्रोटोप्लाज्म को जीवन का भौतिक आधार वर्णित किया है ?

(a) टी.एच. हक्सले (b) ल्यूवेनहोक
(c) रुडोल्फ वरछौ (d) जे.सी. बोस

13. सूती मिलों से निकलने वाली कपास धूल से उत्पन्न होने वाला रोग कहलाता है

(a) सिलीकोसिस (b) बिसिनोसिस
(c) कैन्सर (d) फ्लूरोसिस

14. ग्रेनाइट किस प्रकार के शैल का उदाहरण है ?

(a) तलछटी शैल (b) आग्नेय शैल
(c) कायांतरित शैल (d) पायरोलाइट

15. निम्न में से कौन सी गैस को वायुमण्डलीय प्रदूषक माना जाता है ?

(a) $O_2$ (b) $O_3$
(c) $SO_2$ (d) $N_2$

16. संक्रमण जिससे मलेरिया उत्पन्न होता है

(a) जीवाणिक (b) वायरल
(c) परजीवी (d) कवकीय

**17.** Which of the following is not a programming language ?

(a) BASIC (b) COBOL

(c) PASCAL (d) LOTUS

**18.** A bat is a kind of

(a) Reptile (b) Bird

(c) Mammal (d) Anthropoid

**19.** If the pressure on a piece of wax is increased, the melting point of wax

(a) decreases (b) increases

(c) unchanges (d) decreases and then increases

**20.** In the equilibrium state, thermodynamic probability of system is

(a) $\infty$ (b) one

(c) zero (d) minimum

**21.** Which of the following is digestive hormone ?

(a) Lipase (b) Pepsin

(c) Amylase (d) Gastrin

**22.** The highest peak of Uttarakhand is

(a) Nanda Devi (b) Chaukhamba

(c) Kamet (d) Trishul

**23.** 'SIDKUL' is related to

(a) Sports (b) Literature

(c) Industries (d) Education

**24.** The State Flower of Uttarakhand is

(a) Brahm Kamal (b) Rose

(c) Marigold (d) Jasmine

**17.** निम्न में से कौन सी प्रोग्रामिंग भाषा नहीं है ?

(a) बेसिक  (b) कोबोल

(c) पासकल  (d) लोटस

**18.** चमगादड़ एक प्रकार का

(a) सरीसृप है ।  (b) पक्षी है ।

(c) स्तनधारी जीव है ।  (d) मानवाभ है ।

**19.** यदि मोम के एक टुकड़े पर दाब को बढ़ा दें तब मोम का गलनांक बिन्दु

(a) घटता है ।  (b) बढ़ता है ।

(c) अपरिवर्तित रहता है ।  (d) घटने के बाद बढ़ता है ।

**20.** साम्यावस्था में, तंत्र की ऊष्मा गतिज प्रायिकता होती है

(a) $\infty$  (b) एक

(c) शून्य  (d) न्यूनतम

**21.** निम्नलिखित में से कौन पाचक हार्मोन है ?

(a) लाइपेज  (b) पेप्सिन

(c) अमाइलेज  (d) गैस्ट्रिन

**22.** उत्तराखण्ड की सर्वोच्च चोटी है

(a) नन्दा देवी  (b) चौखम्बा

(c) कामेत  (d) त्रिशूल

**23.** 'सिडकुल' का सम्बन्ध है

(a) खेल से  (b) साहित्य से

(c) उद्योग से  (d) शिक्षा से

**24.** उत्तराखण्ड का राज्य पुष्प है

(a) ब्रह्म कमल  (b) गुलाब

(c) गेंदा  (d) चमेली

**25.** Which of the following persons sacrificed his life, through fasting, against illegal mining in 'Ganga' ?

(a) Baba Uttarakhandi
(b) Swami Nigamanand
(c) Prof. G.D. Agrawal
(d) Jai Dutt Vella

**26.** Which of the following directed the recently made film-"Bombay Talkies" ?

(a) Hrishikesh Mukherji
(b) Yash Chopra
(c) Zoya Aktar, Anurag Kashyap, Karan Johar & Dibakar Bannerji
(d) None of these

**27.** The first Chief Information Commissioner of Uttarakhand was

(a) R.S. Tolia
(b) P.S. Pangti
(c) N.S. Nrapchayal
(d) Vinod Nautiyal

**28.** What percentage of total water available on earth, is in the form of underground water ?

(a) 0.7%
(b) 4.8%
(c) 6.5%
(d) 9.1%

**29.** Who was the leader of Peshawar mutiny ?

(a) Dev Singh Rawat
(b) Darban Singh Negi
(c) Chandra Singh Garhwali
(d) Gabbar Singh Negi

**30.** At which of the following places, there is a unit of BHEL (Bharat Heavy Electricals Ltd) ?

(a) Kotdwar
(b) Ranibagh
(c) Veer Bhadra
(d) Bhopal

**31.** The percentage of total land area of Uttarakhand covered by forest is

(a) 80%
(b) 65%
(c) 43%
(d) 15.5%

**32.** The twin sisters who created history by conquering Mt. Everest on the same day and the same time are

(a) Tasha and Nungshi
(b) Chandra Prabha Atwal and Harshwati
(c) Bachendripal and Sarla Negi
(d) Arunima and Madhumita Bisht

**25.** निम्न में से किस व्यक्ति ने, गंगा में अवैध खनन के विरोध में अनशन करते हुए जीवन का बलिदान किया ?

(a) बाबा उत्तराखण्डी (b) स्वामी निगमानन्द

(c) प्रो. जी.डी. अग्रवाल (d) जय दत्त वैला

**26.** हाल में बनी फिल्म "बॉम्बे टॉकीज़" का निर्देशन निम्न में से किसने किया ?

(a) हृषिकेश मुखर्जी

(b) यश चोपड़ा

(c) ज़ोया अख्तर, अनुराग कश्यप, करन जौहर व दिबाकर बनर्जी

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**27.** उत्तराखण्ड के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त थे

(a) आर.एस. टोलिया (b) पी.एस. पांगती

(c) एन.एस. नृपचयाल (d) विनोद नौटियाल

**28.** पृथ्वी पर उपलब्ध पानी का कितना प्रतिशत भूमिगत पानी के रूप में है ?

(a) 0.7% (b) 4.8%

(c) 6.5% (d) 9.1%

**29.** पेशावर कांड के नायक कौन थे ?

(a) देव सिंह रावत (b) दरबान सिंह नेगी

(c) चन्द्र सिंह गढ़वाली (d) गब्बर सिंह नेगी

**30.** निम्न में से किस स्थान पर BHEL (भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) की इकाई अवस्थित है ?

(a) कोटद्वार (b) रानीबाग

(c) वीरभद्र (d) भोपाल

**31.** उत्तराखण्ड के कुल भू क्षेत्र का प्रतिशत जो वनाच्छादित है

(a) 80% (b) 65%

(c) 43% (d) 15.5%

**32.** वे जुड़वाँ बहनें जिन्होंने माउन्ट एवरेस्ट को एक ही दिन और एक ही समय पर, फतह किया, हैं :

(a) ताशा और नुंग्शी (b) चन्द्रप्रभा अटवाल और हर्षवती

(c) बछेन्द्री पाल और सरला नेगी (d) अरुणिमा और मधुमिता बिष्ट

**33.** The second State Language of Uttarakhand is

(a) Sanskrit (b) Urdu

(c) English (d) None of the above

**34.** The State animal of Uttarakhand is

(a) Sambhar (b) Musk deer

(c) Neelgai (d) Elephant

**35.** Who is known as "Chanakya of Kumaun" ?

(a) Badridutt Pandey (b) Harshdeo Joshi

(c) Gopal Dutt (d) Kishan Chand Joshi

**36.** Vyas cave is located in

(a) Badrinath (b) Kedarnath

(c) Yamunotri (d) Gangotri

**37.** Year 2001 was celebrated by Uttarakhand government as the

(a) Female Child Year (b) Woman Year

(c) Tourism Year (d) Development Year

**38.** What is the density of population in Uttarakhand in 2011 (Provisional) ?

(a) 159 (b) 169

(c) 189 (d) 191

**39.** What is the name of NASA's Science Laboratory which landed on Mars, in 6$^{th}$ Aug. 2012 ?

(a) COULOMBIA-7 (b) ATLANTIS

(c) CURIOSITY (d) MARS-ODYSSEY

**40.** The first lady who won Booker Prize two times is

(a) Hillary Mantel (b) Sarojini Naidu

(c) Shobha Dey (d) Taslima Nasreen

**41.** Who founded the 'Gadar Party' ?

(a) Shyamji Krishna Verma (b) Lala Hardayal

(c) Bhikaji Cama (d) Veer Savarkar

**33.** उत्तराखण्ड की दूसरी राजभाषा है

(a) संस्कृत
(b) उर्दू
(c) अंग्रेजी
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** उत्तराखण्ड का राज्य पशु है

(a) साँभर
(b) कस्तूरी मृग
(c) नील गाय
(d) हाथी

**35.** "कुमायूँ के चाणक्य" के रूप में किसे जाना जाता है ?

(a) बद्रीदत्त पाण्डे
(b) हर्षदेव जोशी
(c) गोपाल दत्त
(d) किशन चन्द जोशी

**36.** व्यास गुफा स्थित है

(a) बद्रीनाथ में
(b) केदारनाथ में
(c) यमनोत्री में
(d) गंगोत्री में

**37.** उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2001 को किस रूप में मनाया गया था ?

(a) बालिका वर्ष
(b) महिला वर्ष
(c) पर्यटन वर्ष
(d) विकास वर्ष

**38.** सन् 2011 में उत्तराखण्ड में जनसंख्या घनत्व (अनन्तिम) कितना है ?

(a) 159
(b) 169
(c) 189
(d) 191

**39.** नासा की उस विज्ञान प्रयोगशाला का नाम क्या है जो मंगल पर 6 अगस्त 2012 को उतरी ?

(a) कोलम्बिया-7
(b) एटलांटिस
(c) क्यूरिऔसिटी
(d) मार्स-ओडिसी

**40.** वह पहली महिला जिसने दो बार बुकर पुरस्कार जीता, है

(a) हिलेरी मांटेल
(b) सरोजिनी नायडू
(c) शोभा डे
(d) तस्लीमा नसरीन

**41.** 'गदर पार्टी' की स्थापना किसने की थी ?

(a) श्यामजी कृष्ण वर्मा
(b) लाला हरदयाल
(c) भीखाजी कामा
(d) वीर सावरकर

**42.** Which coast of India was hit by the severe cyclonic storm on 31st October, 2012 ?

(a) Kerala coast (b) Tamilnadu coast

(c) Andhra coast (d) Mumbai coast

**43.** Under whose Captaincy India won under – 19 cricket world cup in 2012 ?

(a) Sandeep Sharma (b) Hanuman Vihari

(c) Prashant Chopra (d) Unmukta Chand

**44.** Who among the following won the Indian Grand Prix Award in Greater Noida on 28th October 2012 ?

(a) Sebestian Vettel (b) Fernando Alonse

(c) Mark Weber (d) Lewis Hamilton

**45.** Which of the following districts suffered from natural calamity in September 2012, after the cloud burst in Gangotri of district Uttar Kashi ?

(a) Chamoli (b) Pithoragarh

(c) Rudraprayag (d) Tehri Garhwal

**46.** Which of the following is the first Indian athlete who won a silver medal at the London Paralympic Games-2012 ?

(a) Oscar Pictorius (b) M. Maricom

(c) Sushil Kumar (d) Girisha H. Nagraje Gowda

**47.** Which of the following sportsman was given Rajiv Gandhi Khel Ratna Award-2012 ?

(a) M. Marycom (b) Yogeshwar Dutt

(c) Sushil Kumar (d) Gagan Narang

**48.** In which of the following region of India, agitation is going on for a separate State ?

(a) Telangana (b) Vidarbha

(c) Saurashtra (d) Mewar

**49.** Who of the following had called the "Dams and Factories as temples of Modern India" ?

(a) Mahatma Gandhi (b) Lal Bahadur Shastri

(c) Jawahar Lal Nehru (d) B.R. Ambedkar

**42.** निम्न में से कौन सा समुद्र तट, 31 अक्टूबर 2012 को भीषण चक्रवातीय तूफान से प्रभावित हुआ था ?

(a) केरल का तट
(b) तमिलनाडु का तट
(c) आन्ध्र तट
(d) मुम्बई तट

**43.** किसकी कप्तानी में भारत ने अण्डर-19 क्रिकेट विश्वकप-2012 जीता ?

(a) संदीप शर्मा
(b) हनुमान बिहारी
(c) प्रशान्त चोपड़ा
(d) उन्मुक्त चन्द

**44.** निम्नलिखित में से किसने 28 अक्टूबर 2012 को ग्रेटर नोएडा में भारतीय ग्रैण्ड प्रीक्स अवार्ड जीता ?

(a) सेबेस्टियन वैटेल
(b) फर्नान्डो एलोन्स
(c) मार्क वेबर
(d) लुइस हेमिल्टन

**45.** सितम्बर 2012, में उत्तरकाशी जनपद के गंगोत्री में बादल फटने के बाद कौन सा जनपद प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुआ ?

(a) चमोली
(b) पिथौरागढ़
(c) रुद्रप्रयाग
(d) टेहरी गढ़वाल

**46.** निम्न में से कौन वह भारतीय खिलाड़ी है जिसने लंदन पैरालम्पिक खेल-2012 में रजत पदक जीता ?

(a) ऑस्कर पिक्टोरियस
(b) एम. मैरिकॉम
(c) सुशील कुमार
(d) गिरिशा एच. नागराजेगौड़ा

**47.** निम्नलिखित में से किस भारतीय खिलाड़ी को वर्ष 2012 का राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड दिया गया ?

(a) एम. मैरीकॉम
(b) योगेश्वर दत्त
(c) सुशील कुमार
(d) गगन नारंग

**48.** भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में एक पृथक राज्य के लिए आन्दोलन हो रहा है ?

(a) तेलंगाना
(b) विदर्भ
(c) सौराष्ट्र
(d) मेवाड़

**49.** निम्न में से यह किसने कहा था कि "बाँध व कारखाने आधुनिक भारत के मन्दिर हैं ।" ?

(a) महात्मा गांधी
(b) लाल बहादुर शास्त्री
(c) जवाहर लाल नेहरू
(d) बी.आर. अम्बेडकर

**50.** Who among the following Indian actresses has been chosen as the brand ambassador for sanitation programme ?

(a) Kareena Kapoor (b) Aishwarya Rai
(c) Vidya Balan (d) Hema Malini

**51.** Which of the following has been awarded the Nobel Prize 2012 in literature ?

(a) Hillary Mentel (b) V.S. Naipaul
(c) Herta Muller (d) Mo Yan (Guan Moye)

**52.** Who among the following Indian girls represented India at the Miss World 2012 contest ?

(a) Hasleen Kaur (b) Ankita Shorey
(c) Vanya Mishra (d) Prachi Mishra

**53.** Who is the author of the recently published book "Beyond the Lines : An Autobiography"?

(a) Shashi Tharoor (b) Jaswant Singh
(c) Khushwant Singh (d) Kuldeep Nayyar

**54.** In which of the following cities Metro Rail Service was started in 2011 ?

(a) Kolkata (b) Chennai
(c) Bengaluru (d) Hyderabad

**55.** The Targetted Public Distribution System was adopted from

(a) June 1, 1996 (b) June 1, 1997
(c) June 1, 1999 (d) June 1, 2000

**56.** The share of industry in GDP at Factor Cost (at 2004-05 prices) in 2011-12 was

(a) 27 percent (b) 29 percent
(c) 24 percent (d) 32 percent

**57.** Who wrote the book "Indian Economic Crisis" ?

(a) K.N. Raj (b) A.K. Sen
(c) C.T. Kurien (d) L.C. Jain

**50.** निम्नलिखित में से किस भारतीय अभिनेत्री को स्वच्छता कार्यक्रम हेतु ब्रान्ड एम्बेसडर चयनित किया गया है ?

(a) करीना कपूर (b) ऐश्वर्या राय

(c) विद्या बालन (d) हेमा मालिनी

**51.** निम्नलिखित में किसको वर्ष 2012 का साहित्य में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया ?

(a) हिलेरी मांटेल (b) वी.एस. नायपॉल

(c) हर्टा मुलर (d) मो यान (गुआन मोये)

**52.** निम्नलिखित में से किस भारतीय बालिका ने विश्व सुन्दरी प्रतियोगिता 2012 में भारत का प्रतिनिधित्व किया ?

(a) हसलीन कौर (b) अंकिता शोरी

(c) वन्या मिश्रा (d) प्राची मिश्रा

**53.** "बियांड द लाइन्स : एन आटोबायोग्राफी" नामक हाल में प्रकाशित पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) शशि थरूर (b) जसवन्त सिंह

(c) खुशवन्त सिंह (d) कुलदीप नैयर

**54.** निम्नलिखित में से किस शहर में 2011 में मेट्रो रेल सेवा आरम्भ हुई ?

(a) कोलकाता (b) चेन्नई

(c) बेंगलुरु (d) हैदराबाद

**55.** लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अपनाई गई थी

(a) 1 जून, 1996 से (b) 1 जून, 1997 से

(c) 1 जून, 1999 से (d) 1 जून, 2000 से

**56.** 2011-12 में उद्योगों का सकल घरेलू उत्पाद में साधन कीमत पर (2004-05 की कीमतों पर) हिस्सा था

(a) 27 प्रतिशत (b) 29 प्रतिशत

(c) 24 प्रतिशत (d) 32 प्रतिशत

**57.** "इंडियन इकॉनामिक क्राइसेस" पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है ?

(a) के.एन. राज (b) ए.के. सेन

(c) सी.टी. कुरियन (d) एल.सी. जैन

**58.** As per 2011 Population Census the sex ratio in India is

(a) 933 (b) 940

(c) 927 (d) 945

**59.** The share of agriculture in India's Exports in 2010-11, was

(a) 9.9 percent (b) 10.9 percent

(c) 8.0 percent (d) 7.0 percent

**60.** The Planning Commission of India was set up in

(a) 1947 (b) 1952

(c) 1950 (d) 1961

**61.** When was UN (United Nations) formed ?

(a) 24.10.1945 (b) 05.02.1922

(c) 05.01.1950 (d) 14.08.1947

**62.** Generally the gap between the two Sessions of the Parliament should not be more than

(a) Three months (b) Six months

(c) One year (d) Two years

**63.** When was the Constitution of India adopted by the Constituent Assembly ?

(a) $26^{th}$ November, 1949 (b) $15^{th}$ August, 1949

(c) $9^{th}$ December, 1946 (d) $26^{th}$ January, 1950

**64.** The Quit India Resolution was adopted by the Indian National Congress in :

(a) 1940 (b) 1942

(c) 1944 (d) 1946

**65.** Who said, "Swaraj is my birth right and I shall have it" ?

(a) Lala Lajpat Rai (b) Lokmanya Tilak

(c) Mahatma Gandhi (d) Rabindra Nath Tagore

**66.** During whose reign, did Francis Bernior visit India ?

(a) Akbar (b) Shahjahan

(c) Aurangzeb (d) Jahangir

**58.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंगानुपात है

(a) 933 (b) 940

(c) 927 (d) 945

**59.** 2010-11 में भारत के निर्यात में कृषि का हिस्सा था

(a) 9.9 प्रतिशत (b) 10.9 प्रतिशत

(c) 8.0 प्रतिशत (d) 7.0 प्रतिशत

**60.** भारत में योजना आयोग की स्थापना हुई

(a) 1947 में (b) 1952 में

(c) 1950 में (d) 1961 में

**61.** यू.एन. (संयुक्त राष्ट्र) की स्थापना कब हुई थी ?

(a) 24.10.1945 (b) 05.02.1922

(c) 05.01.1950 (d) 14.08.1947

**62.** सामान्यत: संसद के दो अधिवेशनों के मध्य इससे अधिक अन्तर नहीं हो सकता है :

(a) तीन माह का (b) छ: माह का

(c) एक वर्ष का (d) दो वर्ष का

**63.** भारतीय संविधान, संविधान सभा द्वारा कब अंगीकृत किया गया ?

(a) 26 नवम्बर, 1949 को (b) 15 अगस्त, 1949 को

(c) 9 दिसम्बर, 1946 को (d) 26 जनवरी, 1950 को

**64.** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस द्वारा भारत छोड़ो प्रस्ताव स्वीकार किया गया था

(a) 1940 में (b) 1942 में

(c) 1944 में (d) 1946 में

**65.** "स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूँगा" किसने कहा था ?

(a) लाला लाजपत राय ने (b) लोकमान्य तिलक ने

(c) महात्मा गांधी ने (d) रबीन्द्रनाथ टैगोर ने

**66.** फ्रांसिस बर्नियर ने भारत की यात्रा किसके शासन काल में की ?

(a) अकबर (b) शाहजहाँ

(c) औरंगज़ेब (d) जहाँगीर

**67.** Who was the 1st Tirthankar of Jain Religion ?

(a) Gautam Buddha (b) Rishabh Dev

(c) Neminath (d) Mahavira

**68.** Brihadrath, the last Mauryan ruler was assassinated by

(a) Pushyamitra (b) Brihaspatimitra

(c) Agnimitra (d) Bhanumitra

**69.** During whose reign did Fa-Hien come to India ?

(a) Kumargupta (b) Chandragupta I

(c) Chandragupta II (d) Skandgupta

**70.** Who composed 'Nuh Sipehar' ?

(a) Al-Biruni (b) Amir Khusro

(c) Ziauddin Barni (d) None of these

**71.** Which Mughal emperor adopted the policy of "Sulahkul" ?

(a) Humayun (b) Akbar

(c) Jahangir (d) Shahjahan

**72.** Which national leader published the newspapers : the 'Kesari' and the 'Maratha' ?

(a) Bipin Chandra Pal (b) Dadabhai Naoroji

(c) Bal Gangadhar Tilak (d) B.R. Ambedkar

**73.** The 'Hindu Mahasabha' was established in 1915 on the occasion of 'Kumbha Mela' at

(a) Nasik (b) Prayag

(c) Ujjain (d) Haridwar

**74.** Which work does not belong to Kalidas ?

(a) Meghdootam (b) Malvikagnimitram

(c) Mrichhakatikam (d) Raghuvansham

**75.** Who was selected as the first Satyagrahi by Mahatma Gandhi to begin the individual Satyagraha in 1940 ?

(a) C.Rajgopalachari (b) Vallabhbhai Patel

(c) J.B. Kripalani (d) Vinoba Bhave

**67.** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे ?

(a) गौतम बुद्ध (b) ऋषभ देव

(c) नेमिनाथ (d) महावीर

**68.** अंतिम मौर्य शासक बृहद्रथ की हत्या की थी

(a) पुष्यमित्र ने (b) बृहस्पतिमित्र ने

(c) अग्निमित्र ने (d) भानुमित्र ने

**69.** फाह्यान किसके शासन काल में भारत आया था ?

(a) कुमार गुप्त (b) चन्द्रगुप्त प्रथम

(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) स्कन्दगुप्त

**70.** 'नूह सिपेहर' की रचना किसने की ?

(a) अल-बिरूनी (b) अमीर खुसरो

(c) ज़ियाउद्दीन बरनी (d) इनमें से किसी ने नहीं

**71.** किस मुगल सम्राट ने 'सुलहकुल' की नीति अपनाई थी ?

(a) हुमायूँ (b) अकबर

(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**72.** किस राष्ट्रीय नेता ने 'केसरी' तथा 'मराठा' नामक समाचारपत्र प्रकाशित किए ?

(a) बिपिन चन्द्र पाल (b) दादाभाई नौरोजी

(c) बाल गंगाधर तिलक (d) बी.आर. अम्बेडकर

**73.** 'हिन्दू महासभा' की स्थापना 1915 में कुंभ मेले के अवसर पर हुई थी

(a) नासिक में (b) प्रयाग में

(c) उज्जैन में (d) हरिद्वार में

**74.** कालिदास ने किस ग्रन्थ की रचना नहीं की ?

(a) मेघदूतम् (b) मालविकाग्निमित्रम्

(c) मृच्छकटिकम् (d) रघुवंशम्

**75.** 1940 में व्यक्तिगत सत्याग्रह को प्रारम्भ करने के लिए महात्मा गांधी द्वारा प्रथम सत्याग्रही किसे चुना गया ?

(a) सी. राजगोपालाचारी (b) वल्लभभाई पटेल

(c) जे.बी. कृपलानी (d) बिनोवा भावे

**76.** Which one of the following rivers is the right side tributary of Ganga ?

(a) Yamuna (b) Ram Ganga

(c) Gomti (d) Ghaghra

**77.** In which one of the following States of India is Pir Panjal Range located ?

(a) Meghalaya (b) Arunachal Pradesh

(c) Uttarakhand (d) Jammu and Kashmir

**78.** Which one of the following industries located in Saharanpur is the oldest ?

(a) Fertilizer (b) Cotton Textile

(c) Woollen Textile (d) Paper

**79.** The Konkan Railway Track passes through the mountain range of

(a) Himadri (b) Sahyadri

(c) Shiwalik (d) Neelgiri

**80.** Which one of the following statements is not true according to Census 2011 ?

(a) India accounts for 20% of the World population

(b) Population of India is 121 crores

(c) The increase in population is by 17.64% during the decade 2001-2011

(d) The highest density of population is in Delhi.

**81.** Seismograph is used for measuring

(a) Humidity in atmosphere (b) Atmospheric pressure

(c) Earthquake (d) Minimum and maximum temperature

**82.** Where among these places the Sun will rise the earliest ?

(a) New York (b) Hong Kong

(c) New Delhi (d) Tokyo

**76.** निम्नलिखित नदियों में से कौन सी एक गंगा की दाहिनी सहायक है ?

(a) यमुना (b) रामगंगा

(c) गोमती (d) घाघरा

**77.** भारत के निम्नांकित राज्यों में से किस एक में पीर पंजाल श्रेणी अवस्थित है ?

(a) मेघालय (b) अरुणाचल प्रदेश

(c) उत्तराखण्ड (d) जम्मू एवं कश्मीर

**78.** निम्नांकित में से कौन सा उद्योग सहारनपुर में सबसे पुराना है ?

(a) उर्वरक (b) सूती वस्त्र

(c) ऊनी वस्त्र (d) कागज

**79.** कोंकण रेल पथ किस पर्वत श्रृंखला से होकर गुजरता है ?

(a) हिमाद्रि (b) सह्याद्रि

(c) शिवालिक (d) नीलगिरि

**80.** जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक सत्य नहीं है ?

(a) विश्व की जनसंख्या का 20% भाग भारत में है ।

(b) भारत की जनसंख्या 121 करोड़ है ।

(c) दशक 2001-2011 में 17.64% जनसंख्या वृद्धि हुई है ।

(d) दिल्ली में जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है ।

**81.** सीस्मोग्राफ किसे नापने के काम आता है ?

(a) वायुमण्डल में आर्द्रता (b) वायुमण्डलीय दाब

(c) भूकम्प (d) न्यूनतम व उच्चतम तापमान

**82.** निम्न स्थानों में से कहाँ सबसे पहले सूर्योदय होगा ?

(a) न्यूयॉर्क (b) हांग कांग

(c) नई दिल्ली (d) टोक्यो

**83.** Which one of the following countries is not a member of SAARC ?

(a) Maldives (b) Pakistan

(c) Afghanistan (d) Iran

**84.** Which one of the following tribes use 'Iglu' for shelter ?

(a) Eskimos (b) Masai

(c) Bushman (d) Pigmy

**85.** In which climate of the world winter rainfall is the distinctive characteristic ?

(a) Savanna (b) Mediterranean

(c) Monsoon (d) Equatorial

**86.** Which is the leading country in the Automobile industry of the world ?

(a) Germany (b) France

(c) Japan (d) Canada

**87.** Of which country is 'Juba' the capital ?

(a) South Sudan (b) Syria

(c) Jordon (d) Iran

**88.** Which one of the following dams in India is located on Mahanadi river ?

(a) Kosi (b) Hirakud

(c) Nagarjun (d) Bhakra

**89.** Which one of the following deserts is the largest in the world ?

(a) Attacama (b) Gobi

(c) Sahara (d) Thar

**90.** El Nino is related to

(a) Climate (b) Vegetation

(c) Soil (d) Cultivation

**83.** निम्नलिखित देशों में से कौन 'सार्क' का सदस्य नहीं है ?

(a) मालदीव (b) पाकिस्तान

(c) अफगानिस्तान (d) ईरान

**84.** निम्नलिखित जनजातियों में से कौन सी 'इग्लू' को आश्रय (घर) के रूप में उपयोग करती है ?

(a) एस्किमो (b) मसाई

(c) बुशमैन (d) पिग्मी

**85.** विश्व में किस जलवायु का मुख्य लक्षण शीतकालीन वर्षा है ?

(a) सवाना (b) भूमध्य सागरीय

(c) मानसूनी (d) भूमध्यरेखीय

**86.** विश्व के आटोमोबाइल उद्योग में अग्रणी देश कौन सा है ?

(a) जर्मनी (b) फ्रांस

(c) जापान (d) कनाडा

**87.** 'जूबा' किस देश की राजधानी है ?

(a) दक्षिणी सूडान (b) सीरिया

(c) जॉर्डन (d) ईरान

**88.** भारत में निम्नांकित बाँधों में से कौन सा महानदी पर बना है ?

(a) कोसी (b) हीराकुड

(c) नागार्जुन (d) भाखड़ा

**89.** निम्नांकित मरुस्थलों में से कौन सा विश्व में सबसे बड़ा है ?

(a) अटाकामा (b) गोबी

(c) सहारा (d) थार

**90.** एल नीनो का सम्बन्ध है


(a) जलवायु से (b) वनस्पति से

(c) मृदा से (d) कृषि कार्य से

## Part-B

## GENERAL APTITUDE TEST

**91.** Find the missing number in the following figure :




(a) 16 (b) 9

(c) 85 (d) 112

**92.** The sum of three numbers is 98. If the ratio of the first to second is 2:3 and that of the second to the third is 5:8. Then the second number is

(a) 20 (b) 30

(c) 48 (d) 58

**93.** A man can row a boat at 5 km/hr in still water. If velocity of the current is 1 km/hr and it takes him 1 hour to row to a place and come back, how far is the place ?

(a) 3.6 km (b) 3.0 km

(c) 2.5 km (d) 2.4 km

**94.** The height of a certain pole is 30 feet. Grease is applied to the pole. A monkey attempts to climb the pole. It climbs 3 feet every second but slips down 2 feet in the next second. When will the monkey reach the top of the pole ?

(a) 27 seconds (b) 55 seconds

(c) 56 seconds (d) 60 seconds

**95.** The sum of four numbers is 100. The average of first, second and fourth is 24. Difference of the third and first is 10 and the fourth number exceeds the second by 4. One of the numbers is

(a) 21 (b) 31

(c) 26 (d) 25

**96.** Let S = $\{1, x, y, x + y\}$ where $1 < x < y < x + y$ then the difference between the mean and the median of S is


(a) 1/2 (b) 1/3

(c) 1/4 (d) 1/5

## भाग-B

## सामान्य बुद्धि परीक्षण

**91.** निम्न आकृति में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(a) 16 (b) 9

(c) 85 (d) 112

**92.** तीन संख्याओं का योग 98 है । अगर प्रथम व द्वितीय संख्या का अनुपात 2 : 3 एवम् द्वितीय व तृतीय संख्या का अनुपात 5 : 8 है तो द्वितीय संख्या ज्ञात कीजिए ।

(a) 20 (b) 30

(c) 48 (d) 58

**93.** एक व्यक्ति एक नाव को शांत पानी में 5 किमी/घंटा से चला सकता है । यदि पानी की गति 1 किमी/घंटा है और उसको एक स्थान तक जाने व वापस आने में एक घंटा लगता है तो वह स्थान कितनी दूरी पर है ?

(a) 3.6 किमी (b) 3.0 किमी

(c) 2.5 किमी (d) 2.4 किमी

**94.** किसी खम्भे की ऊँचाई 30 फीट है । खम्भे पर ग्रीस लगाई गई है । एक बन्दर खम्भे पर चढ़ने का प्रयास करता है । वह प्रति सेकण्ड 3 फीट चढ़ता है, पर अगले सेकण्ड में 2 फीट फिसल जाता है । बंदर खम्भे के ऊपरी सिरे पर कब पहुँचेगा ?

(a) 27 सेकण्ड (b) 55 सेकण्ड

(c) 56 सेकण्ड (d) 60 सेकण्ड

**95.** चार संख्याओं का जोड़ 100 है । पहली, दूसरी व चौथी का औसत 24 है । तीसरी व पहली में अन्तर 10 है और चौथी संख्या दूसरी से 4 ज्यादा है । कोई एक संख्या होगी

(a) 21 (b) 31

(c) 26 (d) 25

**96.** माना कि $S = \{1, x, y, x + y\}$ जहाँ $1 < x < y < x + y$, तो S के माध्य व माध्यिका का अन्तर होगा

(a) 1/2 (b) 1/3

(c) 1/4 (d) 1/5

**97.** Ajay and Vijay, two friends live at the extreme ends of a road. Ajay takes 20 minutes to go to Vijay's house whereas it takes Vijay 24 minutes to reach Ajay's house. If they start exactly at 9:00 a.m. from their respective houses to go to each other's house, at what time approximately they will meet on the way ?

(a) 9:15 a.m (b) 9:09 a.m

(c) 9:05 a.m (d) 9:11 a.m

**98.** 4 men and 6 women can complete a work in 8 days, while 3 men and 7 women can complete it in 10 days. In how many days will 10 women complete it ?

(a) 35 (b) 40

(c) 45 (d) 50

**99.** A sum of money was divided equally among a certain number of persons. Had there been six more, each would have received a rupee less and had there been four less, each would have received a rupee more than he did. The sum of money and number of men are

(a) ₹ 120, 24 (b) ₹ 150, 30

(c) ₹ 160, 20 (d) ₹ 140, 10

**100.** If side of a square is increased by 20%, then percentage increase in its area will be

(a) 11% (b) 31%

(c) 44% (d) 48%

**101.** A pump can fill a tank with water in 2 hours. Because of a leakage, it took $2\frac{1}{3}$ hours to fill the tank. The leakage can drain all the water of the tank in

(a) $4\frac{1}{3}$ hours (b) 7 hours

(c) 8 hours (d) 14 hours

**102.** 'Reading' is related to 'Knowledge' in the same way 'Work' is related to

(a) Money (b) Employment

(c) Experience (d) Labour

**97.** दो दोस्त अजय और विजय एक सड़क के अंतिम छोरों पर रहते हैं । अजय को विजय के घर पहुँचने में 20 मिनट जबकि विजय को अजय के घर पहुँचने में 24 मिनट लगते हैं । यदि वे अपने घरों से एक-दूसरे के घर जाने के लिए ठीक 9:00 प्रात: चलें तो वे लगभग किस समय रास्ते में मिलेंगे ?

(a) 9:15 प्रात:	(b) 9:09 प्रात:

(c) 9:05 प्रात:	(d) 9:11 प्रात:

**98.** 4 पुरुष और 6 महिलाएँ एक कार्य 8 दिन में पूर्ण कर सकते हैं, जबकि 3 पुरुष और 7 महिलाएँ उसी कार्य को 10 दिन में पूर्ण कर सकते हैं । 10 महिलाएँ उसी कार्य को कितने दिन में पूर्ण करेंगी ?

(a) 35	(b) 40

(c) 45	(d) 50

**99.** एक जमा पूँजी कुछ व्यक्तियों में बराबर विभाजित की गई । यदि वहाँ छ: और होते तो प्रत्येक को एक रुपया पहले से कम तथा वहाँ चार कम होते तो प्रत्येक को एक रुपया पहले से ज्यादा मिलता । कुल धन व व्यक्तियों की संख्या होगी

(a) ₹ 120, 24	(b) ₹ 150, 30

(c) ₹ 160, 20	(d) ₹ 140, 10

**100.** किसी वर्ग की भुजा, यदि 20% बढ़ा दी जाए तो उसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी ?

(a) 11%	(b) 31%

(c) 44%	(d) 48%

**101.** एक पम्प एक टैंक को पानी से 2 घंटे में भर सकता है । पानी रिसने की वजह से टैंक को भरने में $2\frac{1}{3}$ घंटे लगे । रिसने की वजह से पूरा टैंक खाली हो सकता है

(a) $4\frac{1}{3}$ घंटे में	(b) 7 घंटे में

(c) 8 घंटे में	(d) 14 घंटे में

**102.** जिस प्रकार 'पढ़ना' सम्बन्धित है 'ज्ञान' से उसी प्रकार 'कार्य' सम्बन्धित है

(a) धन से	(b) रोजगार से

(c) अनुभव से	(d) मेहनत से

**103.** If 'MOBILITY' is coded as '46293927', then 'EXAMINATION' is coded as

(a) 67250623076 (b) 56149512965


(c) 57159413955 (d) 45038401854

**104.** In the first 10 overs of a cricket match, the run rate was only 3.2. What should be the run rate in the remaining 40 overs to reach the target of 282 runs ?

(a) 6.25 (b) 6.50

(c) 6.75 (d) 6.15

**105.** How many triangles are there in the following figure ?



(a) 24 (b) 28

(c) 32 (d) 36

**106.** Which is the smallest prime number ?

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**107.** At what time between 7 and 8 O' clock, will the hands of a clock be in the same straight line, but, not together ?

(a) $5\frac{5}{11}$ mint. past 7 (b) $5\frac{2}{11}$ mint. past 7

(c) $5\frac{3}{11}$ mint. past 7 (d) 5 mint. past 7

**108.** If FULFNHW is the code for CRICKET, then EULGH is the code for which word ?

(a) PRIDE (b) BRIDE

(c) BLADE (d) BLIND

**103.** यदि 'MOBILITY' को '46293927' के रूप में लिखा जाता है तो 'EXAMINATION' को लिखा जायेगा

(a) 67250623076 (b) 56149512965


(c) 57159413955 (d) 45038401854

**104.** क्रिकेट के एक मैच में, पहले 10 ओवर में रन बनाने का औसत केवल 3.2 था । बाकी बचे 40 ओवर में 282 रन के लक्ष्य को पाने के लिए कितनी रन औसत की आवश्यकता होगी ?

(a) 6.25 (b) 6.50

(c) 6.75 (d) 6.15

**105.** निम्न आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(a) 24 (b) 28

(c) 32 (d) 36

**106.** सबसे छोटी अभाज्य संख्या कौन सी है ?

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**107.** 7 और 8 बजे के मध्य घड़ी की दोनों सूइयाँ एक ही सरल रेखा में, लेकिन, एक साथ नहीं होंगी

(a) 7 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट (b) 7 बजकर $5\frac{2}{11}$ मिनट

(c) 7 बजकर $5\frac{3}{11}$ मिनट (d) 7 बजकर 5 मिनट

**108.** यदि CRICKET का कोड FULFNHW है तो EULGH किस शब्द का कोड होगा ?

(a) PRIDE (b) BRIDE

(c) BLADE (d) BLIND

**109.** What amount of money invested at 6% per annum would receive simple interest of ₹ 180/- over $1\frac{1}{2}$ years ?

(a) ₹ 1500 (b) ₹ 2000

(c) ₹ 1800 (d) ₹ 1850

**110.** Find the smallest number which when divided by 5, 7 and 9 then remainders are 1, 2 and 3, respectively.

(a) 315 (b) 312

(c) 156 (d) 150

**111.** Out of 1500 students, 520 studied Hindi, 335 studied Sanskrit, 425 studied History, 100 studied both Hindi and History, 180 studied both Hindi and Sanskrit, 150 studied both Sanskrit and History and 28 studied all the three subjects. The number of students who studied only Hindi is

(a) 240 (b) 332

(c) 282 (d) 268

**112.** When the cost of petroleum increases by 40%, a man reduces his annual consumption by 20%. The increase in his annual expenditure on petroleum is

(a) 20% (b) 12%

(c) 16% (d) 40%

**113.** A rectangle whose area is 180 sq.ft. has its sides, respectively, diminished by 7 ft. and 4 ft. so as to become a square. The length of the side of the square is

(a) 3 feet (b) 8 feet

(c) 10 feet (d) 12 feet

**114.** The length of the bridge, which a train 130 metres long and travelling at 45 km/hr speed can cross in 30 seconds is

(a) 200 m (b) 225 m

(c) 245 m (d) 250 m

**109.** कितना धन 6% वार्षिक दर से निवेश करने पर $1\frac{1}{2}$ वर्ष में ₹ 180/- साधारण ब्याज के रूप में अर्जित करेगा ?

(a) ₹ 1500 (b) ₹ 2000

(c) ₹ 1800 (d) ₹ 1850

**110.** वह सबसे छोटी संख्या निकालिए जिसको यदि 5, 7 और 9 से भाग दें, तो क्रमश: 1, 2 तथा 3 शेष रहें ।

(a) 315 (b) 312

(c) 156 (d) 150

**111.** 1500 छात्रों में से 520 हिन्दी पढ़ते थे, 335 संस्कृत पढ़ते थे, 425 इतिहास पढ़ते थे, 100 हिन्दी व इतिहास दोनों पढ़ते थे, 180 हिन्दी व संस्कृत दोनों पढ़ते थे, 150 संस्कृत व इतिहास दोनों पढ़ते थे और 28 ने तीनों विषय पढ़े । सिर्फ हिन्दी पढ़ने वाले छात्रों की संख्या होगी

(a) 240 (b) 332

(c) 282 (d) 268

**112.** जब पेट्रोलियम की कीमत 40% बढ़ती है तो एक व्यक्ति अपनी सालाना खपत 20% घटा देता है । पेट्रोलियम पर उसके सालाना खर्च में बढ़ोतरी होगी

(a) 20% (b) 12%

(c) 16% (d) 40%

**113.** एक आयत जिसका क्षेत्रफल 180 वर्ग फीट है, को वर्ग बनाने के लिए उसकी भुजाएँ क्रमश: 7 फीट एवं 4 फीट कम की गईं । वर्ग की भुजा की लम्बाई होगी

(a) 3 फीट (b) 8 फीट

(c) 10 फीट (d) 12 फीट

**114.** एक पुल की लम्बाई ज्ञात करें जिसे एक रेलगाड़ी जो कि 130 मीटर लम्बी है, 45 किमी/घंटा की गति से चलते हुए 30 सेकण्ड में पार करती है :

(a) 200 मी (b) 225 मी

(c) 245 मी (d) 250 मी

**115.** Raman ranks sixteenth from the top and forty-ninth from the bottom in a class. How many students are there in the class ?

(a) 63 (b) 64

(c) 65 (d) 66

**116.** 'A' walks 10 metres in front and 10 metres to the right. Then, every time turns to his left, he walks 5, 14 and 18 metres, respectively. How far is he now from his starting point ?

(a) 3 metres (b) 4 metres

(c) 5 metres (d) 7 metres

**117.** Six friends A, B, C, D, E and F are sitting in a circle facing the centre. E is to the left of D, C is between A and B, F is between E and A. Who is to the right of C ?

(a) A (b) B

(c) D (d) E

**118.** Arrange the given words in a meaningful sequence and then choose the most appropriate sequence from the given alternatives :

1. Income 2. Status 3. Education

4. Well-being 5. Job

(a) 1, 3, 2, 5, 4 (b) 1, 2, 5, 3, 4

(c) 3, 1, 5, 2, 4 (d) 3, 5, 1, 2, 4

**119.** The age of a father is twice that of the elder son. Ten years hence the age of the father will be three times that of the younger son. If the difference of ages of the two sons is 15 years, the age of the father is

(a) 50 years (b) 55 years

(c) 60 years (d) 70 years

**120.** The number of boys in a class is two more than three times the number of girls. Which one of the following numbers cannot represent the total number of children in the class ?

(a) 50 (b) 46

(c) 44 (d) 42

**115.** एक कक्षा में शीर्ष से रमन सोलहवें क्रम में और तल से उनचासवें क्रम पर है । कक्षा में कुल कितने छात्र हैं ?

(a) 63 (b) 64

(c) 65 (d) 66

**116.** 'A' 10 मीटर सामने की ओर चलता है और 10 मीटर दायीं ओर । तब, प्रत्येक समय बायीं ओर घूमता है, तथा वह 5, 14 और 18 मीटर क्रमश: चलता है । अपने आरम्भिक बिन्दु से वह अब कितनी दूरी पर है ?

(a) 3 मीटर (b) 4 मीटर

(c) 5 मीटर (d) 7 मीटर

**117.** छ: मित्र A, B, C, D, E और F वृत्ताकार में बैठे हैं जो केन्द्र की ओर मुँह किये हैं । E, D की बायीं ओर है, C, A और B के बीच में है, F, E और A के बीच में है । C के दाहिनी ओर कौन है ?

(a) A (b) B

(c) D (d) E

**118.** दिये शब्दों को सार्थक क्रम में लगायें और तब सबसे उपयुक्त क्रम चुनें :

1. आय 2. सामाजिक स्तर 3. शिक्षा

4. कल्याण 5. नौकरी

(a) 1, 3, 2, 5, 4 (b) 1, 2, 5, 3, 4

(c) 3, 1, 5, 2, 4 (d) 3, 5, 1, 2, 4

**119.** एक पिता की उम्र बड़े बेटे की उम्र से दो-गुनी है । अब से दस वर्ष बाद पिता की उम्र छोटे बेटे की उम्र से तीन-गुनी होगी । यदि दोनों बेटों की उम्र में 15 वर्ष का अन्तर है, तो पिता की उम्र क्या है ?

(a) 50 वर्ष (b) 55 वर्ष

(c) 60 वर्ष (d) 70 वर्ष

**120.** एक कक्षा में लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या के तीन गुना से दो ज्यादा है । निम्न में से कौन सी संख्या कक्षा में कुल बच्चों की संख्या का प्रतिनिधित्व नहीं करती है ?

(a) 50 (b) 46

(c) 44 (d) 42

## भाग-C

## सामान्य हिन्दी

**121.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'अल्प' का विलोम है ?

(a) कम
(b) बराबर
(c) बहु
(d) न्यून

**122.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'तत्सम्' है ?

(a) दाँत
(b) कान
(c) मलूक
(d) उलूक

**123.** 'मोक्ष की इच्छा रखने वाला' के लिए एक शब्द है

(a) मुमुक्षु
(b) मुमुर्षु
(c) महाभिक्षु
(d) प्रशिक्षु

**124.** 'सभी परीक्षार्थी चले गए' वाक्य में 'सभी' क्या है ?

(a) सर्वनाम
(b) विशेषण
(c) क्रिया-विशेषण
(d) संज्ञा

**125.** 'वपु' का सही पर्यायवाची है

(a) कवच
(b) बेचारा
(c) शरीर
(d) आवरण

**126.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'प्रवृत्ति' का विलोम है ?

(a) वृत्ति
(b) समृद्धि
(c) आवृत्ति
(d) निवृत्ति

**127.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम् है ?

(a) धूम्र
(b) जुन्हाई
(c) कान्हा
(d) रात

**128.** 'ममता रहित' के लिए उपयुक्त शब्द है

(a) निर्दय
(b) निर्मम
(c) निष्ठुर
(d) कठोर

**129.** 'आविर्भाव' का विलोम शब्द है

(a) संभाव
(b) अनुभाव
(c) तिरोभाव
(d) सद्भाव

**130.** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

(a) मेरे को प्रथम पुरस्कार मिला ।
(b) मुझे प्रथम पुरसकार मिला ।
(c) मुझको प्रथम पुरस्कार मिला ।
(d) मुझे प्रथम पुरस्कार मिला ।

**131.** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
- (a) बीमारी के कारण सीता से उठा नहीं जाता ।
- (b) मोहन ने रोटी खाया ।
- (c) परीक्षा का माध्यम हिन्दी होनी चाहिए ।
- (d) राधा पढ़ती-पढ़ती सो गयी ।

**132.** निम्नलिखित शब्दों में किसकी वर्तनी अशुद्ध है ?
- (a) आधिपत्य
- (b) प्रदर्शिनी
- (c) आकांक्षा
- (d) दिव्यांगना

**133.** 'आधी रात का समय' के लिए उपयुक्त शब्द है
- (a) राका
- (b) गोधूली
- (c) निशीथ
- (d) कालरात्रि

**134.** 'तेज छात्र-छात्राएँ एक पंक्ति में खड़े हो जाएँ' वाक्य में विशेष्य है
- (a) छात्र-छात्राएँ
- (b) तेज छात्र-छात्राएँ
- (c) खड़े हो जाएँ
- (d) एक पंक्ति में

**135.** 'राजेश लाल कुर्त्ता पहनता है' वाक्य में विशेषण का कौन सा प्रकार है ?
- (a) सर्वनामवाचक
- (b) गुणवाचक
- (c) परिमाणवाचक
- (d) संख्यावाचक

**136.** जल में लगने वाली आग को कहते हैं
- (a) दावाग्नि
- (b) जठराग्नि
- (c) बड़वाग्नि
- (d) अनिलाग्नि

**137.** कभी बूढ़ा न होने वाले को कहते हैं
- (a) अमर
- (b) अडर
- (c) अगर
- (d) अजर

**138.** कौन सा शब्द 'बुद्धि' का पर्यायवाची है ?
- (a) मनीषा
- (b) मस्तिष्क
- (c) विवेक
- (d) चेतना

**139.** 'अग्नि' का पर्यायवाची शब्द है
- (a) ध्वनि
- (b) पावक
- (c) अनिल
- (d) अक्षि

**140.** 'क्षीर' का पर्यायवाची शब्द है
- (a) खीर
- (b) जल
- (c) दूध
- (d) नीर

**141.** 'पुत्री' का पर्यायवाची शब्द है

(a) वत्सला (b) पौत्री
(c) गौरी (d) आत्मजा

**142.** 'कठघरा' का तत्सम शब्द है

(a) काष्ठगृह (b) काठगृह
(c) काष्ठग्रह (d) कष्टगृह

**143.** निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है ?

(a) सौन्दर्य (b) सांसारिक
(c) सप्ताहिक (d) सम्पृक्त

**144.** निम्नलिखित में से 'तद्भव' शब्द है :

(a) मुख (b) सत्य
(c) हस्त (d) नींद

**145.** निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है ?

(a) स्वस्थ्य (b) स्वास्थय
(c) स्वास्थ्य (d) स्वास्थ

**146.** 'प्रफुल्ल' का विलोम शब्द है

(a) मलिन (b) मीलित
(c) उम्मीलित (d) उद्विग्न

**147.** 'संस्कृति' शब्द का विशेषण है

(a) सांस्कृति (b) संस्कृत
(c) सांस्कृतिक (d) संस्कृतिक

**148.** 'रमेश पाँच दर्जन केले लाया' वाक्य में 'पाँच दर्जन' किस प्रकार का विशेषण है ?

(a) आवृत्तिवाचक (b) गुणवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) संख्यावाचक

**149.** 'स्वार्थ' का विलोम है

(a) परार्थ (b) परोपकार
(c) कृपापात्र (d) अन्वार्थ

**150.** 'सत्य' का तद्भव है

(a) सच्चा (b) सच
(c) सच्चाई (d) सातव्य

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**